संख्या–1390/ई–1/तेरह–2021– 18/17 टी.सी.

प्रेषक,

उमेश कुमार तिवारी,
उप सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उ.प्र., प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग–1 लखनऊः दिनांकः 14 जुलाई, 2021

विषयः–प्रदेश में तैनात अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से 12:00 बजे तक अपने–अपने कार्यालयों में जनसुनवाई के लिए उपस्थित रहने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्याः 465/पीएसएमएस/2021, दिनांक 12–07–2021 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया पत्र में की गयी अपेक्षानुसार प्रदेश में तैनात आबकारी विभाग के अधिकरियों को प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से 12:00 बजे तक अपने–अपने कार्यालयों में जनसुनवाई के लिए अवश्य उपलब्ध रहनें तथा जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी रूप से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव